पंजाब केसरी 28/04/2023

# विद्यार्थियों को दी गौरवशाली अतीत की जानकारी



भ्रमण के दौरान गुरुद्वारा नाडा साहिब में पहुंचे कालेज विद्यार्थी। (चंद्रमोहन)

अम्बाला छावनी, 27 अप्रैल (कोचर): कैंट के जी.एम.एन. कालेज की एन.एस.एस. यूनिट सौजन्य हिंदी विभाग एवं इतिहास विभाग द्वारा शैक्षणिक परिभ्रमण का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को अपने समृद्ध इतिहास से परिचित करवाने के लिए उन्हें गुरुद्वारा नाडा साहब एवं पर्यावरण संरक्षण की जानकारी देने के लिए कसौली ले जाया गया।

इस परिभ्रमण का उद्देश्य नई पीढ़ी को अपने वैभवशाली इतिहास से परिचित करवाना एवं प्रकृति के प्राकृतिक वैभव को दिखाना रहा। कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा जब तक हमारे विद्यार्थी अपने अतीत को नहीं जानते वे वर्तमान को दिशा नहीं दे सकते।

कार्यक्रम अधिकारी डा. अनीश ने बताया गुरुद्वारा साहिब में सिख गुरुओं की शूरवीरता एवं अदम्य साहस से परिचित करवाया गया, जबकि कसौली में उन्हें प्रकृति के संरक्षण के बारे में बताया। इस अवसर पर प्रो. पारुल एवं प्रो. रुपाली मौजूद रहे।